# University in News on 04 May 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# अब भारतीय दर्शन साहित्य भी पढ़ेंगे अंग्रेजी के विद्यार्थी

संवाद न्यूज एजेंसी

### लविवि : कोर्स में जोड़ा गया अध्याय तीसरे सेमेस्टर में होगी पढ़ाई

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के विद्यार्थी अब सिर्फ इंग्लिश लिटरेचर ही नहीं पढ़ेंगे, बल्कि उन्हें भारतीय दर्शन साहित्य भी पढ़ाया जाएगा। इसमें छात्र शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत, स्वामी विवेकानंद का शिकागो भाषण व अन्य विशिष्ट अध्यायों का अध्ययन करेंगे।

भारतीय ज्ञान परंपरा और नई शिक्षा नीति को लागू करने के क्रम में अंग्रेजी विभाग ने अपने पाठ्यक्रम में व्यापक परिवर्तन किया है। इसे नए शैक्षणिक सत्र में लागू होना है। शनिवार को फैकल्टी बोर्ड में होने वाली बैठक में इसपर औपचारिक मुहर लगाई जाएगी। अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष प्रो. मैत्री प्रियदर्शिनी ने बताया कि नई शिक्षा नीति में क्षेत्रीय भाषाओं और लेखकों को पढ़ाने पर जोर दिया गया है।

साथ ही छात्र-छात्राओं को समग्र ज्ञान मिल सके ऐसा पाठ्यक्रम तैयार करने की बात कही गई है। वर्तमान अंग्रेजी साहित्य में उपनिवेशवाद की झलक दिखती है। इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रकाश में भारतीय स्वरूप में लाने की कोशिश की जा रही है।

### चार क्रेडिट का होगा पेपर

को करीकुलर कोर्स के रूप में भारतीय ज्ञान परंपरा नाम के पेपर के लिए चार क्रेडिट निर्धारित किए गए हैं। इसे अंग्रेजी विभाग के तीसरे सेमेस्टर के विद्यार्थी पढ़ेंगे। यह पेपर चार भागों भारतीय संस्कार एवं दर्शन, भारतीय काव्यशास्त्र, भारतीय नाट्य शास्त्र व उत्तर भारत का लोकप्रिय रंगमंच में बांटा गया है।

### नौटंकी और रामलीला का भी अध्ययन

पाठ्यक्रम की आखिरी यूनिट में उत्तर भारत का लोकप्रिय रंगमंच शामिल है। इसमें विद्यार्थियों को नौटंकी, रामलीला, रासलीला के साथ ही भारतेंदु हरिश्चंद्र का नाटक अंधेर नगरी चौपट राजा पढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही अन्य यूनिटों में दस रूपक अलंकार, नायक, नायिकाएं, कालिदास का शाकुंतलम, भारतीय रीति व भाषा की शक्तियां एवं लक्षण पढ़ाए जाएंगे।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### 13 से शुरू होंगी बीएससी-एमएससी की परीक्षाएं

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय 13 मई से बीएससी और एमएससी की परीक्षाएं आयोजित कराने जा रहा है। बीएससी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा 13 मई को होगी। 14 को छठे सेमेस्टर की परीक्षा होगी। एमएससी द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर की परीक्षा क्रमशः 16, 17 और 24 मई को कराई जाएगी।

### 31,884 परीक्षार्थी लविवि परीक्षा में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में शुक्रवार को परीक्षा कराई गई। तीन पालियों में हुई परीक्षा में 31884 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। 254 छात्र अनुपस्थित रहे। लखनऊ सहित संबद्ध महाविद्यालयों की पहली पाली में 18670 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। दूसरी पाली में छात्रों की संख्या 7913 रही। तीसरी पाली में 5301 छात्र उपस्थित रहे। तीनों पालियों में 31884 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि तीनों पालियों कोई परीक्षार्थी अनुचित सामग्री के साथ नहीं मिला है। कैमरों से लगातार निगरानी रखी जा रहा है। सचल दस्ता भी कार्यरत है।

### डॉ. मीनल को मिला अतिरिक्त प्रभार

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में जैव रसायन विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मीनल गर्ग को इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस मॉलीक्यूलर जेनेटिक्स एण्ड इंफेक्शन डिजीज का डायेक्टर बनाया गया है। कुल सचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया है कि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के आदेश पर डॉ. मीनल की संबंधित विभाग में नियुक्ति की गई है।

## LOKSATYA PAGE 2

एलयू के स्टूडेंट्स ने बच्चों को बताए हाथ धुलने के फायदे



## i-NEXT PAGE 4

# बच्चों ने जाना सफाई का महत्व

LUCKNOW (3 MAY): लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के अंतर्गत मनकामेश्वर वार्ड के कुतुबपुर सामुदायिक केंद्र पर हाथ एवं मुंह की स्वच्छता के लिए शिविर लगाया गया. समाज कार्य विभाग के वरिष्ठ प्रो. रूपेश कुमार ने बताया कि शिविर में डेंटल सर्जन डा. सदफ सिद्दीकी ने समुदाय में रहने वाले बच्चों का मुख परीक्षण करके उन्हें हाथ एवं मुख की सफाई रखने का सही तरीका बताया.

### दिन में कई बार धोएं हाथ

यह भी बताया कि बीमारियों से बचने के लिए हमें अपने हाथों को दिन में कई बार साबुन और पानी से धोना चाहिए. शिविर में विभाग के फील्ड वर्क अधीक्षक डा. वीरेंद्र त्यागी, डा. मधुशिखा श्रीवास्तव, डा. शिवांगी प्रकाश, अतुल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे. लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं में शुक्रवार को तीनों पालियों में 31,884 छात्र-छात्राएं शामिल हुए. 254 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे.

### हास्टल के लिए आठ तक करें आवेदन

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-24 में प्रवेश लेने वाले पीएचडी. छात्र-छात्राओं को हास्टल आवंटन के लिए आठ मई तक आवेदन का मौका दिया है. इन सभी को विश्वविद्यालय के एचएमएस पोर्टल www.luhostel.in के माध्यम से आवेदन करना है. पंजीकरण शुल्क 50 रुपये लगेगा. विद्यार्थियों को आवेदन के साथ सभी जरूरी अभिलेख अपलोड करने होंगे.

### डा. मीनल गर्ग बनीं निदेशक

लखनऊ विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय के आदेश पर जैव रसायन विभाग की डा. मीनल गर्ग को तत्काल प्रभाव से इंस्टीट्यूट आफ एडवांस्ड मालीकुलर जेनेटिक्स एंड इंफेक्शस डिजीज का निदेशक बनाया गया है. यह व्यवस्था अग्रिम आदेश तक लागू होगी. कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने पत्र जारी कर डा. गर्ग को तत्काल संस्थान के सभी अभिलेख एवं परिसंपत्तियां प्राप्त करने के लिए कहा है.

### एलयू में प्रयोगात्मक परीक्षा 13 मई से

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएससी और एमएससी कंप्यूटर साइंस सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि तय कर दी है. यह परीक्षाएं 13 से 24 मई तक होंगी. शुक्रवार को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया है. छात्र-छात्राओं से कहा गया है कि अपने आवंटित बैच की जानकारी नोटिस बोर्ड से देख लें.

## JAGRAN CITY PAGE III

### हास्टल के लिए विद्यार्थी आठ तक करें आवेदन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-24 में प्रवेश लेने वाले पीएच.डी. छात्र-छात्राओं को हास्टल आवंटन के लिए आठ मई तक आवेदन का मौका दिया है। इन सभी को विश्वविद्यालय के एचएमएस पोर्टल www.luhostel.in के माध्यम से आवेदन करना है। पंजीकरण शुल्क 50 रुपये लगेगा। (जासं)

### डा. मीनल गर्ग बनीं निदेशक

लखनऊ : लवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के आदेश पर जैव रसायन विभाग की डा. मीनल गर्ग को तत्काल प्रभाव से इंस्टीट्यूट आफ एडवांस्ड मालीकुलर जेनेटिक्स एंड इंफेक्शस डिजीज का निदेशक बनाया गया है। यह व्यवस्था अग्रिम आदेशों तक लागू रहेगी। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने डा. गर्ग को तत्काल संस्थान के सभी अभिलेख एवं परिसंपत्तियां प्राप्त करने के लिए कहा है। (जासं)



डा. मीनल गर्ग • सौजन्य से लवि